आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार

(बिहार सरकार का उपक्रम)
प्रथम तल उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना।
Email md@idabihar.com Web-www.idabihar.com Phone/ 0612-2675933,2675935 Fax: 0612-2675934

पत्रांक.....869/PDA 08/114/Tech./IDA/22 दिनांक 13/02/24

प्रेषक,

कार्यपालक अभियंता (पी०डी०ए०)
आई०डी०ए०

Registered Post & E-Mail

सेवा में,

Max Tech Projects Pvt. Ltd.,
Flat No. 305, Bhagwan Kailash Aawas,
Ramdayal Path, Old Jakkanpur,
Patna – 800001.
E-mail id-maxtechprojectspvtltd@gmail.com

विषयः Construction of Plug and Play Prefabricated Shed at Industrial Area, Bihta, Patna Phase-3 के कार्य के अंसतोषजनक प्रगति के कारण एकरारनामा Rescind करने के संबंध में।

प्रसंगः 769/PDA दिनांक 09.02.2024

महाशय,

उपरोक्त विषय प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि Construction of Plug and Play Prefabricated Shed at Industrial Area, Bihta, Patna Phase-3 का कार्य आपको आवंटित है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रांरभ करने की तिथि दिनांक 13.10.2022 एवं कार्य पूर्ण करने की तिथि 12.04.2023 थी। कार्य समाप्ति की तिथि बीत चुकी है एवं उक्त परियोजना में अभी तक लगभग 70% मात्र ही निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। साथ ही उपरोक्त कार्य की प्रगति सीमक्षोपरांत काफी धीमी पाई गई है।

विदित हो कि आपको लिखित एवं मौखिक रूप से कार्य की प्रगति तीव्र करने के संबंध में कई निदेश दिये गये। साथ ही आर्थिक दण्ड लगाने एवं कार्य पूर्ण करने तक डिबार करने की कार्रवाई भी की गई। किन्तु कार्य में यथोचित प्रति आपके द्वारा नहीं लाई गई है। विभागीय बैठको में वरीय पदाधिकारियों द्वारा दिये गये निदेशों एवं कार्यस्थल निरीक्षण के दौरान दिये गये निदेशों का अनुपालन भी आपके द्वारा नहीं किया जा रहा है।

अनेकों मौखिक एवं पत्रों के द्वारा दिये गये निदेशों के बावजूद अभी तक कार्यस्थल पर लगभग 70% मात्र कार्य ही पूर्ण किया गया है, जो आपकी कार्य में उदासीनता को परिलक्षित करता है।

अतः उपरोक्त तथ्यों के आलोक में अभी तक कार्य पूर्ण नहीं करने, कार्य में शिथिलता बरतने तथा विभिन्न समीक्षात्मक बैठकों में वरीय पदाधिकारियों के निदेशों की अवहेलना करने के कारण आप सात दिनों के अंदर स्पष्ट करें कि क्यों नहीं उपरोक्त तथ्यों एवं वस्तुस्थिति के आलोक में SBD के Clause-3 के अनुसार एकरारनामा Rescind एवं राशि (Performance Guarantee एवं Security Deposit) को जब्त किया जाय?

विश्वासभाजन

कार्यपालक अभियंता (पी०डी०ए०)
13.02.24

ज्ञापांक ...869/PDA दिनांक 13/02/24
प्रतिलिपिः संबंधित सहायक अभियंता (तकनीकी) / कनीय अभियंता (असैनिक) को सूचनार्थ प्रेषित।

13.02.2024
कार्यपालक अभियंता (पी0डी0ए0)

ज्ञापांक ...869/PDA दिनांक 13/02/24
प्रतिलिपिः निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन) / निदेशक (वित्त), आई0डी0ए0 को सादर सूचनार्थ समर्पित।

13.02.24
कार्यपालक अभियंता (पी0डी0ए0)

ज्ञापांक ...869/PDA दिनांक 13/02/24
प्रतिलिपिः प्रबंध निदेशक, आई0डी0ए0 को सादर सूचनार्थ समर्पित।

कार्यपालक अभियंता (पी0डी0ए0)